चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम The Hindustan Times Chandigarh Edition
दिनांक 9.9.2019 पृष्ठ सं. ............ कॉलम ............

# CCSHAU holds workshop on menstruation

A workshop on 'Swachh Daughters-Swachh Samaj' was organized by Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University under the department of student welfare in the college of home science auditorium for consultation on problems and their diagnosis during menstruation. The wards (women, children's welfare and saral development) with the help of ONGC have installed vending machines & incinerators in all the girls' hostels.

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........हरि. भूमि........
दिनांक 8.9.2019 पृष्ठ सं. 12 कॉलम 2-4

# स्वस्थ आहार, स्वस्थ दिमाग के महत्व के प्रति किया जागरूक



हिसार। मुख्य अतिथि छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेन्द्र सिंह दहिया प्रशिक्षणार्थी छात्राओं के साथ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

■ हकृवि की काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट इकाई द्वारा गृहविज्ञान की छात्राओं के लिए दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अन्तर्गत काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट इकाई द्वारा खाद्य एवं पोषण विभाग के सहयोग से गृह विज्ञान की छात्राओं के लिए दस दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ।

इस समापन अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया मुख्य अतिथि थे। प्रशिक्षण में 45 छात्राओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण का विषय थाः स्वस्थ आहार स्वस्थ दिमाग।

डॉ. दहिया ने प्रतिभागी छात्राओं को स्वस्थ आहार स्वस्थ दिमाग की महता समझाते हुए अपनी पढ़ाई के साथ-साथ स्वस्थ आहार की तरफ ध्यान देने पर प्रकाश डाला। उन्होंने योग एवं मेडीटेशन के बारे में बताते हुए निदेशालय की उपलब्धियों और गतिविधियों के बारे में भी छात्राओं को अवगत कराया। होम साइंस की डीन डॉ. बिमला ढांडा ने छात्राओं को अच्छी जीवन शैली अपनाकर सही रास्ता चुनने का आहवान किया। उन्होंने सभी छात्राओं को पोषण की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक डा. ओमेन्द्र सांगवान ने निदेशालय की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इस प्रकार के प्रशिक्षणों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। यह प्रशिक्षण कार्डिनेटर डॉ. उर्वशी नांदल की देखरेख में संपन्न हुआ। कुमारी स्वरूपा ने मंच का संचालन किया। अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला......

दिनांक 8.9.2019 पृष्ठ सं. ...2... कॉलम ...6-8...

# 'स्वस्थ आहार-स्वस्थ दिमाग' पर छात्राओं ने लिया प्रशिक्षण

**माई सिटी रिपोर्टर**



मुख्य अतिथि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया प्रशिक्षणार्थी छात्राओं के साथ।

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत काउंसिलिंग ऐंड प्लेसमेंट इकाई द्वारा खाद्य एवं पोषण विभाग के सहयोग से गृह विज्ञान की छात्राओं के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शनिवार को संपन्न हो गया। समापन अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया मुख्य अतिथि थे। प्रशिक्षण में 45 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने 'स्वस्थ आहार-स्वस्थ दिमाग' विषय के अंतर्गत प्रशिक्षण हासिल किया।

डॉ. दहिया ने प्रतिभागी छात्राओं को स्वस्थ आहार स्वस्थ दिमाग की महता समझाते हुए अपनी पढ़ाई के साथ-साथ स्वस्थ आहार की तरफ ध्यान देने पर प्रकाश डाला व योग एवं मेडिटेशन के बारे में बताते हुए उन्होंने निदेशालय की उपलब्धियों और गतिविधियों के बारे में भी छात्राओं को अवगत कराया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक जागरण........

दिनांक 8.9.2019 पृष्ठ सं. 21 कॉलम 6

## पढ़ाई के साथ-साथ स्वस्थ आहार पर भी ध्यान दें विद्यार्थी

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट इकाई द्वारा खाद्य एवं पोषण विभाग के सहयोग से गृह विज्ञान की छात्राओं के लिए दस दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेंद्र सिंह दहिया मुख्य अतिथि रहे। प्रशिक्षण में 45 छात्राओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण का विषय स्वस्थ आहार स्वस्थ दिमाग था।

डा. दहिया ने प्रतिभागी छात्राओं को स्वस्थ आहार स्वस्थ दिमाग की महता समझाते हुए पढ़ाई के साथ-साथ स्वस्थ आहार की तरफ ध्यान देने और योग व मैडीटेशन के बारे में बताते हुए उन्होंने निदेशालय की उपलब्धियों और गतिविधियों के बारे में भी छात्राओं को अवगत कराया।

होमसांइस की डीन डा. बिमला ढांडा ने छात्राओं को अच्छी जीवन शैली अपनाकर सही रास्ता चुनने का आह्वान किया। उन्होंने सभी छात्राओं को पोषण की महत्ता के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सहछात्र कल्याण निदेशक डा. ओमेंद्र सांगवान ने छात्राओं को इस प्रकार के प्रशिक्षणों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर......

दिनांक ..8.9.2019.. पृष्ठ सं. ...2... कॉलम ...7-8...

## छात्राओं के लिए दस दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अन्तर्गत काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट इकाई द्वारा खाद्य एवं पोषण विभाग के सहयोग से गृह विज्ञान की छात्राओं के लिए दस दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस समापन अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया मुख्य अतिथि थे। प्रशिक्षण में 45 छात्राओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण का विषय था स्वस्थ आहार स्वस्थ दिमाग। डॉ. दहिया ने प्रतिभागी छात्राओं को स्वस्थ आहार स्वस्थ दिमाग की महता समझाते हुए अपनी पढ़ाई के साथ-साथ स्वस्थ आहार की तरफ ध्यान देने पर प्रकाश डाला व योग एवं मेडिटेशन के बारे में बताते हुए उन्होंने निदेशालय की उपलब्धियों और गतिविधियों के बारे में भी छात्राओं को अवगत कराया। होम साइंस की डीन डॉ. बिमला ढांडा ने छात्राओं को अच्छी जीवन शैली अपनाकर सही रास्ता चुनने का आहवान किया। इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक डा. ओमेन्द्र सांगवान ने निदेशालय की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इस प्रकार के प्रशिक्षणों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........सिटी पल्स........

दिनांक 7. 9. 2019 पृष्ठ सं. ....5.... कॉलम ...1-5...

# एचएयू में 'स्वस्थ आहार स्वस्थ दिमाग' विषय पर प्रशिक्षण संपन्न, 45 छात्राओं ने लिया भाग

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अन्तर्गत काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट इकाई द्वारा खाद्य एवं पोषण विभाग के सहयोग से गृह विज्ञान की छात्राओं के लिए दस दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस समापन अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया मुख्य अतिथि थे। प्रशिक्षण में 45 छात्राओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण का विषय था स्वस्थ आहार स्वस्थ दिमाग।

डॉ. दहिया ने प्रतिभागी छात्राओं को स्वस्थ आहार स्वस्थ दिमाग की महत्ता समझाते हुए अपनी पढ़ाई के साथ-साथ स्वस्थ आहार की तरफ ध्यान देने पर प्रकाश डाला व योग एवं मैडीटेशन के बारे में बताते हुए उन्होंने निदेशालय की उपलब्धियों और गतिविधियों के बारे में भी छात्राओं को अवगत कराया।

होम साइंस की डीन डॉ. विमला



हिसार। मुख्य अतिथि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया प्रशिक्षणार्थी छात्राओं के साथ।

ढांडा ने छात्राओं को अच्छी जीवन शैली अपनाकर सही रास्ता चुनने का आहवान किया। उन्होंने सभी छात्राओं को पोषण की महत्ता के बारे में बताया।

इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. ओमेन्द्र सांगवान ने निदेशालय की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इस प्रकार के प्रशिक्षणों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

यह प्रशिक्षण को-ऑर्डिनेटर डॉ. उर्वशी नांदल की देखरेख में संपन्न हुआ। कुमारी स्वरूपा ने मंच का संचालन किया। अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। समापन समारोह में अन्य विभागों के अध्यक्ष भी मौजूद थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक जागरण

दिनांक 8.9.2019 पृष्ठ सं. 21 कॉलम 7-8

# वॉलीबॉल में गृह विज्ञान व कृषि महाविद्यालय ने मारी बाजी



मुख्य अतिथि विजेता खिलाड़ियों के साथ। ● जागरण

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अंतर महाविद्यालय वॉलीबॉल मुकाबलों में पुरुष वर्ग में कृषि महाविद्यालय ने कृषि अभियांत्रिकी को 2-0 से हराकर पहला स्थान हासिल किया। वहीं महिला वर्ग में गृह विज्ञान महाविद्यालय ने कृषि महाविद्यालय को 2-0 से हराकर पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. बिमला ढांडा मुख्य अतिथि व छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेंद्र सिंह दहिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. बिमला ढांडा ने विजेताओं को बधाई दी। इसके साथ ही खेलों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में खेलों का महत्वपूर्ण योगदान है। छात्र कल्याण निदेशक डा. डीएस दहिया ने सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

इस अवसर पर डा. सुशील लेगा, रमेश चौधरी, डा. वीनू सांगवान, अयोगेंद्र गुलिया, डा. बलजीत गिरधर, डा. किशोर कुमार, ओमप्रकाश भादू, डा. वीना यादव, डा. रणधीर ढाका, सुंदर पाल मोर, दलजीत सिंह, आयोजिका व वालीबॉल प्रभारी इन्दू चौधरी आदि उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ...दैनिक भास्कर...
दिनांक 8.9.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 3-4

# कृषि महाविद्यालय ने कृषि अभियांत्रिक को हराया

## एचएयू में अंतर महाविद्यालय वॉलीबाल मुकाबले



मुख्य अतिथि विजेता खिलाड़ियों के साथ

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अंतर महाविद्यालय वॉलीबाल मुकाबलों में पुरुष वर्ग में कृषि महाविद्यालय ने कृषि अभियांत्रिक को 2-0 से हराकर विजेता घोषित हुए। वही महिला वर्ग में गृह विज्ञान महाविद्यालय ने कृषि महाविद्यालय को 2-0 से हराकर विजेता बनी। इस अवसर पर गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा मुख्य अतिथि थी, जबकि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया विशिष्ट अतिथि थे। गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने विजेताओं को खेलों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में खेलों का महत्वपूर्ण योगदान है।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने सभी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र को नियमित रूप से एक घंटा खेल मैदान में अवश्य आना चाहिए।

इस अवसर पर डॉ. सुशील लेगा, रमेश चौधरी, डॉ. वीनू सांगवान, डॉ. योगेन्द्र गुलिया, डॉ. बलजीत गिरधर, डॉ. किशोर कुमार, ओमप्रकाश भादू, डॉ. वीना यादव, डॉ. रणधीर ढ़ाका, सुंदर पाल मोर, दलजीत सिंह आदि खेल अधिकारी उपस्थित थे। खेल आयोजिका व वालीबाल प्रभारी इंदू चौधरी ने सभी का स्वागत किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........पंजाब केसरी........

दिनांक ...8.9.2019... पृष्ठ सं. ....4.... कॉलम ....2-4....

# कृषि कालेज ने जीता वॉलीबाल मुकाबला

हिसार, 7 सितम्बर (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अंतर महाविद्यालय वॉलीबाल मुकाबलों में पुरुष वर्ग में कृषि महाविद्यालय ने कृषि अभियांत्रिक कालेज को 2-0 से हराकर विजेता घोषित हुए। वहीं महिला वर्ग में गृह विज्ञान महाविद्यालय ने कृषि महाविद्यालय को 2-0 से हराकर विजेता बनी। इस अवसर पर गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. बिमला ढांडा मुख्यातिथि थी जबकि छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेंद्र सिंह दहिया विशिष्टातिथि थे।



*मुख्यातिथि विजेता खिलाड़ियों के साथ।*

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........हरि. भूमि........
दिनांक 8. 9. 2019 पृष्ठ सं. ....14...... कॉलम ....1.......



## कृषि व गृह विज्ञान कॉलेज बने विजेता

हिसार। हकृवि में अंतर महाविद्यालय वालीबाल मुकाबलों में पुरुष वर्ग में कृषि महाविद्यालय हिसार ने कृषि अभियान्त्रिक को 2-0 से हराकर विजेता घोषित हुए। वही महिला वर्ग में गृह विज्ञान महाविद्यालय ने कृषि महाविद्यालय को 2-0 से हराकर विजेता बनी। इस अवसर पर गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. विमला ढांडा मुख्य अतिथि थी जबकि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया विशिष्ठ अतिथि थे। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डी.एस. दहिया ने सभी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. सुशील लेगा, रमेश चौधरी, डॉ. वीनू सांगवान, डॉ. योगेन्द्र गुलिया, डॉ. बलजीत गिरधर, डॉ. किशोर कुमार, ओमप्रकाश भादू, डॉ. वीना यादव, डॉ. रणधीर ढाका, सुंदर पाल मोर, दलजीत सिंह आदि खेल अधिकारी उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........नभ छोर........

दिनांक 7.9.2019 पृष्ठ सं. ....7.... कॉलम ....7.8....

# वॉलीबाल में कृषि महाविद्यालय रहा विजेता



हिसार/07 सितंबर/रिपोर्टर
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अंतर महाविद्यालय वालीबाल मुकाबलों में पुरूष वर्ग में कृषि महाविद्यालय हिसार ने कृषि अभियान्त्रिक हिसार को 2-0 से हराकर विजेता घोषित हुए। वही महिला वर्ग में गृह विज्ञान महाविद्यालय ने कृषि महाविद्यालय को 2-0 से हराकर विजेता बनी। इस अवसर पर गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढ़ांडा मुख्य अतिथि थी जबकि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया विशिष्ठ अतिथि थे। गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढ़ांडा ने विजेताओं को बधाई दी तथा व खेलों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि खेलों से न केवल शारिरिक विकास होता है बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में खेलों का महत्वपूर्ण योगदान है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डी.एस. दहिया ने सभी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र को नियमित रूप से एक घंटा खेल मैदान में अवश्य आना चाहिए।

इस अवसर पर डॉ. सुशील लेगा, रमेश चौधरी, डॉ. वीनू सांगवान, डॉ. योगेन्द्र गुलिया, डॉ. बलजीत गिरधर, डॉ. किशोर कुमार, ओमप्रकाश भादू, डॉ. वीना यादव, डॉ. रणधीर ढ़ाका, सुंदर पाल मोर, दलजीत सिंह आदि खेल अधिकारी उपस्थित थे। खेल आयोजिका व वालीबाल प्रभारी इन्दू चौधरी ने सभी का स्वागत व धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........निलप शोमित टाइम्स........

दिनांक ..7.9.2019.. पृष्ठ सं. ....8.... कॉलम ....6-8....

# हकृवि में अंतर महाविद्यालय वालीबाल प्रतियोगिता आयोजित

हिसार, 7 सितम्बर (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अंतर महाविद्यालय वालीबाल मुकाबलों में पुरूष वर्ग में कृषि महाविद्यालय हिसार ने कृषि अभियान्त्रिक हिसार को 2-0 से हराकर विजेता घोषित हुए। वही महिला वर्ग में गृह विज्ञान महाविद्यालय ने कृषि महाविद्यालय को 2-0 से हराकर विजेता बनी। इस अवसर पर गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढ़ांडा मुख्य अतिथि थी जबकि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया विशिष्ट अतिथि थे। गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढ़ांडा ने विजेताओं को बधाई दी तथा व खेलों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि खेलों से न केवल शारिरिक विकास होता है बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में खेलों का महत्वपूर्ण योगदान है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डी.एस. दहिया ने सभी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र को नियमित रूप से एक घंटा खेल मैदान में अवश्य आना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. सुशील लेगा, रमेश चौधरी, डॉ. वीनू सांगवान, डॉ. योगेन्द्र गुलिया, डॉ. बलजीत गिरधर, डॉ. किशोर कुमार, ओमप्रकाश भादू, डॉ. वीना यादव, डॉ. रणधीर ढ़ाका, सुंदर पाल मोर, दलजीत सिंह आदि खेल अधिकारी उपस्थित थे। खेल आयोजिका व वालीबाल प्रभारी इन्दू चौधरी ने सभी का स्वागत व धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ............ सिटी पल्स ............
दिनांक 7.9.2019 ...... पृष्ठ सं. ...3...... कॉलम ...7-8......

# एचएयू होम साइंज कॉलेज की छात्राओं ने मनाया शिक्षक दिवस



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व छात्राएं।

**सिटी पल्स न्यूज़, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में इवेंट मैनेजमेंट की छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढ़ांडा ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि हमें शिक्षकों के योगदान का हमेशा आदर और सम्मान करना चाहिए। शिक्षक हमारी प्रेरणा के स्रोत होते हैं जो हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम में शिक्षकों ने छात्राओं द्वारा आयोजित विभिन्न खेलों में बढ़चढ़ कर भाग लिया तथा विजेता रही शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया। सभी शिक्षकों को छात्राओं द्वारा पौधे देकर सम्मनित किया गया। अंत में डॉ. किरण ने संबोधित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम का संचालन पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कविता दुआ ने किया।

समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला......

दिनांक 9.9.2019 पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ....3-5....


# एचएयू में होगी नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी वुमन क्रिकेट चैंपियनशिप, 30 टीमों ने कराया पंजीकरण

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी (एचएयू) में नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी वुमन क्रिकेट चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। हालांकि अभी तक चैंपियनशिप का शेड्यूल तैयार नहीं किया गया है। यूनिवर्सिटी के मुताबिक ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी का शेड्यूल जारी होने के बाद चैंपियनशिप का शेड्यूल तय किया जाएगा। अभी तक इस चैंपियनशिप के लिए करीब 30 टीमें रजिस्ट्रेशन करा चुकी हैं।

बता दें कि एचएयू में विद्यार्थियों का खेलों को लेकर ज्यादा रुझान नहीं है। हालांकि यूनिवर्सिटी की तरफ से विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुझान बढ़ाने को लेकर इंटर कॉलेज स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया जाता है। विद्यार्थियों का पढ़ाई के साथ खेलों के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए यह चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी।

**40 के करीब टीमें आने की उम्मीद :** यूनिवर्सिटी के मुताबिक पुरुषों की नॉर्थ जोन चैंपियनशिप में करीब 80 टीमें भाग लेती हैं। मगर ज्यादातर यूनिवर्सिटीज में महिलाओं की क्रिकेट नहीं है। ऐसे में उम्मीद है कि इस चैंपियनशिप में 40 के करीब टीमें भाग लेंगी। एचएयू में भी महिलाओं की क्रिकेट टीम नहीं है। मगर यूनिवर्सिटी के क्रिकेट कोच के मुताबिक उनके पास शहर के कुछ कॉलेजों की लड़कियां प्रैक्टिस के लिए आती हैं। उन्हीं लड़कियों की एक टीम तैयार की जाएगी। अगर यूनिवर्सिटी की कोई इस टीम में शामिल होना चाहती है तो उसे भी टीम में शामिल किया जा सकता है।




हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी

- ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी का शेड्यूल जारी होने के बाद तय होगी प्रतियोगिता

> *यूनिवर्सिटी को इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने का मौका मिला है। उम्मीद है कि इस टूर्नामेंट से यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों खासकर लड़कियों में खेल को लेकर रुचि बढ़ेगी। जल्द ही टूर्नामेंट का शेड्यूल फाइनल किया जाएगा।*
>
> *- डीएस दहिया, डीएसडब्ल्यूओ, एचएयू*

## फरवरी में हुआ नेशनल लेवल क्रिकेट टूर्नामेंट

इसी वर्ष फरवरी महीने में एचएयू में कर्मचारियों के लिए ऑल इंडिया वाइस चांसलर कप 20-20 क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया था। यह टूर्नामेंट हरियाणा स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस टूर्नामेंट में पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला की टीम चैंपियन और महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी की टीम रनरअप रही थी।